PRABODHAN EDUCATION SOCIETY'S

Vidya Prabodhini College of Commerce, Education, Computer & Management
Vidyanagar, Alto-Parvari, Goa

S.Y.B.A.B.Ed. SEMESTER END EXAMINATION – November 2022 (Regular)

Sub: Hindi Elective (HNE-03-काव्य, कथा-साहित्य, अनुवाद एवं व्याकरण) Semester: III

M. Marks:70 M. Time: 2 Hours

****

सुचनाएँ :

1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2) प्रत्येक मुख्य प्रश्नों का उत्तर नये पन्ने पर ही शुरू करें।
3) प्रश्न क्रमांक और उपप्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए।
4) दायी ओर दर्शाएँ हुए अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं।

****

प्र.1.अ. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के लघु उत्तर लिखिए। **(2x5=10)**

1. जोहरा की मृत्यु कैसे होती है ?
2. देवीदीन को जेल की सजा क्यों हुई ?
3. रामेश्वरी रमानाथ का विवाह क्यों करना चाहती थी ?
4. रतन के अनुसार वकील को किस बात की चिंता थी ?

आ. निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी प्रतिशब्द दीजिए। **(10x½=05)**

1. GLOBAL MARCKET 3. U.N.O. 5. INTERVAL 7. HUMAN RIGHT 9.REPORTER
2. RESIDENTIAL 4. RESERVATION 6. DATA 8. PERCENT 10. FEES

प्र.2.अ. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के लघु उत्तर लिखिए। **(2x5=10)**

1. विद्यापति ने ऋतुराज वसंत का वर्णन कैसे किया है ?
2. कवि मैथिलीशरण गुप्त ने शिक्षा के बारे में क्या कहा है ?
3. 'मैं पलकों में पाल रही हूँ' कविता का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।
4. कवि नागार्जुन अपनी प्रतिबध्दता किसके प्रति दर्शाते हैं ?

आ. निम्नलिखित हिन्दी शब्दों के अंग्रेजी प्रतिशब्द दीजिए। **(10x½=05)**

1. अर्थव्यवस्था 3. धर्मनिरपेक्ष 5. विज्ञप्ति 7. ऊर्जा 9. निवेश
2. घुसपैठ 4. उपभोक्ता 6. आध्यात्मिकता 8.उच्चतम न्यायालय 10. संपत्ति कर

प्र.3.निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **(05)**

अ.1) 'कैसे बेशर्मी की बातें करते हो जी ? क्या तुम इतने गये-बिते हो कि अपनी रोटियों के लिए दूसरों का गला काटो? मैं इसे नहीं सह सकती। मुझे मजदूरी करना, भूखों मर जाना मंजूर है।'

अथवा

2) 'कहाँ की बात करते हो दादा ? मैं यों कभी न जाऊँगा। स्टेशन पर उतरते ही कहीं पुलीस का सिपाही पकड़ कर ले, तो बस !'

प्र.3. आ.1) जय गंगे जय गंगे सरनागत भय भंगे। **(05)**

सुरमुनि मनुज रचित पूजोचित।
कुसुम विचित्रत तीरे।
त्रिनयन मौलि जटाचय चुम्बित ॥

अथवा

2) तेरी साँसों का सुस्पन्दन,
मेरे तप्त हृदय का चन्दन
सो मैं कर लूँ जी भर क्रंदन
सो, उनके कुल-नंदन, सो

प्र.4.अ. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **400 शब्दों** में लिखिए **(10)**

'गबन' उपन्यास में जालपा के आभूषण प्रेम से लेकर देशभक्त तक की यात्रा है – स्पष्ट कीजिए।

अथवा

प्र.4.आ. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। **(5+5)**

1.रतन का चरित्र चित्रण।

2.'गबन' उपन्यास का शीर्षक।

प्र.5.अ.निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **400 शब्दों** में लिखिए **(10)**

'कह दे माँ अब क्या देखूँ !' कविता का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

अथवा

प्र.5.आ.निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। **(5+5)**

1.'श्रद्धा' कविता का भावार्थ।।

2. विद्यापति वर्णित श्रीकृष्ण का सौंदर्य।

प्र.6.अ. निम्नलिखित अनुच्छेद का संक्षेपण कीजिए। **(05)**

दु:ख के बिना सुख का अस्तित्व नहीं है और सुख के बीना दु:ख का जब तक हमें एक का अनुभव नहीं होगा तब तक हम दूसरे का अनुभव नहीं कर सकते। शीतलता का अनुभव करने के लिए उष्णता का अनुभव आवश्यक है। उष्णता के दिनों में शीतलता की आवश्यकता होती है और शीतलता के दिनों में उष्णता की। शीतलता सुख की बोधक है और उष्णता दु:ख की। अतः यह आवश्यक है कि दोनों का समन्वय हो। न तो सम्पूर्ण सुख। यह दोनों जीवन के ताने-बाने हैं। एक-दूसरे पर आश्रित है, एक-दूसरे के पूरक हैं। जीवन में सुख-दु:ख दोनों का मिश्रण होना चाहिए।

प्र.6.आ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संवाद-लेखन कीजिए। **(05)**

1. अपने जीवन लक्ष्य के बारे में दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।
2. भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए प्रथम एक दिवसीय मैच के संबंध में दो मित्रों की बातचीत का संवाद लेखन कीजिए।

...............................समाप्त..............................